दिनांक: 05.08.2026

//सूचना//

विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026–27 में **विशेष शिक्षा संकाय** के अधीन **स्नातकोत्तर** पाठ्यक्रम के अर्न्तगत संचालित **B.Ed. Special Education-VI, HI & IDD** पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय में किये गये ऑनलाइन आवेदन के क्रम में प्रवेश हेतु पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की **प्रथम, द्वितीय एवं प्रतीक्षा** सूची काउन्सलिंग हेतु निर्गत की गई थी। जिसके क्रम में विद्यार्थियों ने **B.Ed. Special Education-VI, HI & IDD** पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया **दिनांक 05.08.2026 को हुई काउन्सलिंग के पश्चात B.Ed. Special Education-V.I. में कोई भी सीट रिक्त नहीं है।**

B.Ed. Special Education- HI & IDD *में रिक्त सीटों के सापेक्ष उन सभी अभ्यर्थियों को, जिन्होंने पाठ्यक्रम में* आवेदन किया था किन्तु किन्हीं कारणों से काउन्सलिंग हेतु उपस्थित नहीं हो पाए थे, उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए **प्रवेश/काउन्सलिंग तिथि निम्नानुसार प्रस्तावित है :–**

अंतिम काउन्सलिंग तिथि एवं समय : 10 अगस्त 2026, प्रातः 10:00 बजे

काउन्सलिंग स्थल : कक्ष संख्या 335, अकादमिक ब्लॉक A–2

नोट: ऐसे अभ्यर्थी, जो अपने स्नातक के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं कर पाये थे उन्हें भी स्नातक की समस्त अंक तालिकाओं सहित उपरोक्त काउन्सलिंग में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त तिथि को **B.Ed. Special Education-HI & IDD** पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय में उपरोक्त **काउन्सलिंग स्थल पर** उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

काउन्सलिंग हेतु अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को निम्नलिखित प्रपत्र/दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति, मूल प्रपत्रों एवं निर्धारित प्रवेश शुल्क (जो आनलाइन के माध्यम से जमा किया जायेगा) के साथ समिति के समक्ष प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

- ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति।
- हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक स्तरीय के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र की मूल व छायाप्रति।
- आय प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की मूल एवं छायाप्रति।
- जाति प्रमाण पत्र एवं EWS प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) की मूल एवं छायाप्रति।
- 04 फोटोग्राफ।
- दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) की मूलप्रति एवं छायाप्रति।
- माइग्रेशन की मूलप्रति।
- चरित्र प्रमाणपत्र की मूलप्रति।
- अन्तिम उत्तीर्ण परीक्षा एवं वर्तमान सत्र में एक वर्ष से अधिक का GAP होने की स्थिति में शपथ–पत्र (Affidavit)।

पाठ्यक्रम का नाम	गैर दिव्यांग UR/GEN, OBC एवं SC/ST विद्यार्थियों हेतु निर्धारित शुल्क	दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु निर्धारित शुल्क
B.Ed. Special Education-HI & IDD	30805.00	5805.00

नोट : पाठ्यक्रम शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा किया जायेगा।

प्रवेश प्रभारी
B.Ed. Special Education-VI, HI &
IDD पाठ्यक्रम, 2026–27

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
6. प्रवेश निदेशक, शैक्षिक सत्र 2026–27।
7. सिस्टम एनालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
8. गार्डफाईल।

05/8/2026
प्रवेश प्रभारी
B.Ed. Special Education-VI, HI &
IDD पाठ्यक्रम, 2026–27